Remitly का उपयोगकर्ता अनुबंध

यह उपयोगकर्ता अनुबंध (**"अनुबंध"**) **12 नवंबर, 2012** से प्रभावी है और इसे पिछली बार **17 नवंबर, 2023** को अपडेट किया गया था. इसमें कुछ शर्तों के बारे में बताया गया है. [www.remitly.com](https://www.remitly.com/home/) (**"सेवा"**) पर ऐक्सेस की जा सकने वाली सेवाएं इस्तेमाल करते समय आपको इन शर्तों का पालन करना होगा. अगर आप इन शर्तों से बाध्य होने के लिए सहमत नहीं हैं, तो 'सेवा' का उपयोग न करें. 'सेवा' का उपयोग करने का मतलब है कि आप इस 'अनुबंध' की शर्तों से सहमत हैं.

इस पूरे 'अनुबंध' में इस्तेमाल किए गए शब्द **"Remitly"**, **"हम"**, **"हमें"** और **"हमारा/हमारी/हमारे"**, U.S.A. के डेलावेयर स्थित एक कॉर्पोरेशन Remitly, Inc. को और उसके कर्मचारियों, निदेशकों, उत्तराधिकारियों, व संपत्ति के हिस्सेदारों को दर्शाते हैं. **"आप"** और **"आपका/आपकी/आपके"** शब्दों का मतलब है 'सेवा' के उपयोगकर्ता, चाहे वे 'प्रेषक' हों या 'प्राप्तकर्ता'.

1\. सेवा

हमारा सुझाव है कि आप दोस्तों और परिवार को पैसा भेजने के लिए 'सेवा' का उपयोग करें. अजनबियों को पैसा भेजने के लिए इस 'सेवा' का उपयोग नहीं किया जाना चाहिए.

इस 'सेवा' की मदद से उपयोगकर्ता संयुक्त राज्य अमेरिका से उन सभी देशों में अंतरराष्ट्रीय रूप से पैसे ट्रांसफ़र कर सकते हैं जिनमें Remitly की सेवाएं उपलब्ध हैं. **"प्रेषक"** पैसा भेजने के लिए 'सेवा' का उपयोग करता है और **"प्राप्तकर्ता"** 'सेवा' के माध्यम से पैसा हासिल करता है. **"लेन-देन"** का मतलब है 'सेवा' के माध्यम से पैसे भेजने का ऑर्डर देना. **"लेन-देन की राशि"** अमेरिकी डॉलर में दी गई वह राशि है, जिसे 'प्रेषक' अपने 'प्राप्तकर्ता' को भेजने के लिए Remitly को देता है. **"भुगतान की राशि"** वह राशि है, जिसका भुगतान 'प्राप्तकर्ता' को किया जाता है.

2\. सेवा पाने की पात्रता

1. उम्र और क्षमता. 'प्रेषक' के रूप में अपना खाता बनाने, 'सेवा' को ऐक्सेस करने या इसका उपयोग करने के लिए आपकी आयु कम से कम अठारह (18) वर्ष होनी चाहिए. आपके पास लागू होने वाले कानून के तहत, कानूनी रूप से बाध्यकारी अनुबंध करने की इजाज़त होनी चाहिए. अन्य प्रतिबंध भी लागू हो सकते हैं.

2. अन्य. आप किसी अन्य व्यक्ति की ओर से 'लेन-देन' सबमिट या हासिल नहीं कर सकते/सकतीं.

3. संयुक्त राज्य अमेरिका में निवास. यह 'सेवा' सिर्फ़ संयुक्त राज्य अमेरिका के निवासियों के लिए उपलब्ध है.

4. ऑफ़र और स्वीकृति. 'लेन-देन' सबमिट करने का मतलब है कि आप हमसे अपने 'लेन-देन' की प्रक्रिया पूरी करने का अनुरोध कर रहे/रही हैं. हम सिर्फ़ अपने विवेक पर इस अनुरोध को स्वीकार या अस्वीकार कर सकते हैं.

5. सिर्फ़ संयुक्त राज्य अमेरिका में पंजीकृत Remitly, Inc. के पास संयुक्त राज्य अमेरिका के बाहर 'सेवा' प्रदान करने का लाइसेंस नहीं है. इसकी वजह से, यह 'सेवा' संयुक्त राज्य अमेरिका के अलावा अन्य देशों में उपयोग के लिए शायद उपलब्ध न हो.

6. एक से ज़्यादा खाते. 'प्रेषकों' के पास सिर्फ़ एक सक्रिय खाता हो सकता है. यह पता चलने पर कि कोई 'प्रेषक' कई खातों का उपयोग कर रहा है, हम एक या एक से ज़्यादा खातों को आपस में मिलाने या समाप्त करने, 'प्रेषक' द्वारा 'सेवा' के उपयोग को सीमित करने या आगे से उनके द्वारा 'सेवा' के उपयोग पर रोक लगाने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं.

3\. सेवा के लिए भुगतान करना

1. शुल्क आपके द्वारा कोई भी 'लेन-देन' सबमिट किए जाने का मतलब है कि आप हमें 'लेन-देन की राशि' के साथ एक सेवा शुल्क (**"सेवा शुल्क"**) देने के लिए सहमत हैं. ट्रांसफ़र प्रोसेस करने के लिए लेन-देन सबमिट करते समय अमेरिकी डॉलर में भुगतान करना होता है. अगर आपके द्वारा सबमिट किए गए किसी लेन-देन की वजह से हमें NSF फ़ीस, चार्जबैक फ़ीस या ऐसी ही कोई अन्य फ़ीस चुकानी पड़े, तो इसका मतलब है कि आप Remitly को इस तरह की हर फ़ीस की भरपाई करने के लिए सहमत हैं.

2. भुगतान. अपने लेन-देन को प्रोसेस करने के लिए, आप हमें अपनी भुगतान प्रोफ़ाइल में शामिल किसी भी भुगतान साधन (**"भुगतान साधन"** में कोई भी क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड या बैंक खाता शामिल है) पर शुल्क लगाने के लिए अधिकृत करते/करती हैं. भुगतान न हो पाने पर, आप हमें वही 'भुगतान साधन' उपयोग करके एक या एक से ज़्यादा बार फिर से कोशिश करने का अधिकार देते/देती हैं. आप गारंटी देते/देती हैं कि आप 'भुगतान साधन (साधनों)' के अधिकृत और कानून-सम्मत उपयोगकर्ता हैं.

3. अन्य शुल्क. हम आपके 'भुगतान साधनों' से जुड़े वित्तीय संस्थानों द्वारा लगाए जा सकने वाले शुल्क के लिए ज़िम्मेदार नहीं हैं. उदाहरण के लिए, कुछ क्रेडिट कार्ड जारीकर्ता, आपके द्वारा 'सेवा' का उपयोग करने के लिए आपके क्रेडिट कार्ड के उपयोग को **"नकद अग्रिम"** मान सकते हैं और लेन-देन के लिए अतिरिक्त फ़ीस और ब्याज लागत वूसल सकते हैं. Remitly ऐसी किसी भी NSF फ़ीस, चार्जबैक फ़ीस या ऐसे ही अन्य शुल्कों के लिए ज़िम्मेदार नहीं है, जिन्हें आपके बैंक, क्रेडिट कार्ड जारीकर्ता या अन्य प्रदाताओं द्वारा आपसे लिया जा सकता है.

4\. रेमिटेंस (भेजी गई राशि) हासिल करना

1. सेवा प्रदाता. हम 'प्राप्तकर्ताओं' को फ़ंड उपलब्ध कराने के लिए स्थानीय बैंकों और तीसरे पक्ष के अन्य आउटलेट (इनमें सबको **"सेवा प्रदाता"** माना जाता है) के साथ काम करते हैं. 'प्रेषक' के तौर पर, आप 'सेवा' के

माध्यम से भेजे जाने वाले फ़ंड को हासिल करने के लिए अपने 'प्राप्तकर्ता' को अपने एजेंट के रूप में नियुक्त करते/करती हैं. हम अपनी वेबसाइट पर अपने 'सेवा प्रदाताओं' की वर्तमान लोकेशन, उपलब्धता, और उनके कामकाज के समय के बारे में ताज़ा जानकारी देने की कोशिश करते हैं. हालांकि, हम वेबसाइट पर पोस्ट की जा सकने वाली किसी भी गलत या अधूरी जानकारी के लिए ज़िम्मेदार नहीं हैं.

2. सत्यापन. फ़ंड पाने से पहले 'प्राप्तकर्ताओं' को अपनी पहचान का वैध दस्तावेज़ देकर अपनी पहचान साबित करनी होगी. इसके अलावा, 'प्राप्तकर्ताओं' को अपने 'लेन-देन' से जुड़ा कोई रेफ़रेंस नंबर या पहचान को साबित करने वाली ऐसी ही कोई अन्य जानकारी देनी पड़ सकती है.

5\. सेवा संबंधी महत्वपूर्ण प्रतिबंध

1. सामान्य. हम किसी भी 'लेन-देन' को अस्वीकार कर सकते हैं या ट्रांसफ़र की जाने वाली राशि को, प्रति लेन-देन के आधार पर या समग्र आधार पर, सीमित कर सकते हैं. ये सीमाएं व्यक्तिगत खातों या लिंक किए गए खातों पर लगाई जा सकती हैं. हम किसी भी समय पूरी की पूरी 'सेवा' में या इसके किसी हिस्से में बदलाव करने या इसे बंद करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं.

2. देरी. आपकी पहचान और आपके 'भुगतान साधनों' का सत्यापन करने और अन्यथा कानूनों का पालन करने या अपने वित्तीय जोखिम को मैनेज करने की हमारी कोशिशों की वजह से आपके 'लेन-देन' में देरी हो सकती है. कुछ परिस्थितियों में आपको रिफ़ंड मिल सकता है और लेन-देन के लंबित होने पर आप किसी भी समय उसे रद्द कर सकते/सकती हैं.

3. वाणिज्यिक लेन-देन. आपको अपने परिचितों के अलावा किसी और को पैसा भेजने के लिए 'सेवा' का उपयोग नहीं करना चाहिए. हम उन वस्तुओं या सेवाओं की क्वालिटी या डिलीवरी के लिए ज़िम्मेदार नहीं हैं जिनके भुगतान के लिए आप हमारी 'सेवा' का उपयोग करते/करती हैं. आप स्वीकार करते/करती हैं कि आप वस्तुओं और सेवाओं के भुगतान के लिए 'सेवा' का उपयोग अपने जोखिम पर करते/करती हैं.

4. अनधिकृत लेन-देन. आप इस 'अनुबंध' या लागू कानूनों, नियमों या विनियमों का उल्लंघन करके 'सेवा' का उपयोग नहीं कर सकते/सकतीं. आगे दी गई किसी भी चीज़ के लिए 'सेवा' का उपयोग करना 'अनुबंध' का उल्लंघन होगा: यौन-उन्मुख सामग्री या सेवाएं, **जुआ खेलने से जुड़ी गतिविधियां**, धोखाधड़ी, मनी-लॉन्डरिंग, आतंकी संगठनों को फ़ंडिंग या तंबाकू, तंबाकू से संबंधित सामान, आग्नेय अस्त्रों, डॉक्टर के परामर्श पर मिलने वाली दवाओं या अन्य नियंत्रित पदार्थों की खरीद या बिक्री; या किसी ऐसे 'प्राप्तकर्ता' को पैसे भेजना जिसने 'अनुबंध' का उल्लंघन किया है. अगर आप गैरकानूनी मकसद के लिए 'सेवा' का उपयोग करते/करती हैं, तो Remitly कानून प्रवर्तन एजेंसियों से आपकी शिकायत करेगा.

5. अपात्रता. आपका 'भुगतान साधन' ऐसा होना चाहिए, जिसे किसी अमेरिकी वित्तीय संस्थान ने जारी किया हो. हम स्पेशली डेज़िगनेटेड नेशनल्स लिस्ट, नॉन-कोऑपरेटिव कंट्रीज़ एंड टेरीटरीज़ लिस्ट और सरकारी एजेंसियों के द्वारा जारी की गई ऐसी ही अन्य लिस्ट में शामिल कुछ खास 'प्रेषकों' और 'प्राप्तकर्ताओं' के द्वारा होने वाले

लेन-देन पर रोक लगा सकते हैं.

6. कोई बदलाव नहीं. अगर आपने किसी लेन-देन को सबमिट कर दिया है, ताकि हम उसे प्रोसेस कर सकें, तो उसके बाद हम आम तौर पर उस लेन-देन का विवरण बदलने की अनुमति नहीं देते. अपने 'लेन-देन' के विवरण को सटीक रखना आपकी ज़िम्मेदारी है.

7. प्रतिबंधित गतिविधियां. आपके द्वारा हमारी वेबसाइट या 'सेवा' के इस्तेमाल के सिलसिले में या Remitly, किसी उपयोगकर्ता या किसी तीसरे पक्ष के साथ आपके इंटरैक्शन के दौरान, आपको इन चीज़ों की इजाज़त नहीं होगी:

1. इस 'अनुबंध' या आपके और Remitly के बीच किसी अन्य अनुबंध का उल्लंघन करना;

2. झूठी, गलत या भ्रामक जानकारी देना;

3. जांच में सहयोग करने या अपनी पहचान का सत्यापन करने से इनकार करना;

4. अज्ञात प्रॉक्सी का उपयोग करना;

5. अपने क्रेडिट कार्ड से खुद के लिए अग्रिम नकद राशि निकालना (या ऐसा करने में दूसरों की मदद करना);

6. हमारी वेबसाइट की निगरानी करने या इसकी नकल बनाने के लिए किसी ऑटोमैटिक डिवाइस या मैन्युअल प्रक्रिया का उपयोग करना.

8. भारत में पैसे भेजने के लिए लेन-देन. Remitly, भारत में पैसे भेजने के लिए होने वाले लेन-देन की प्रक्रिया को, भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा स्थापित रुपया आहरण व्यवस्था ("RDA") के मुताबिक पूरी करता है. आप समझते/समझती हैं कि व्यावसायिक उद्देश्यों या धर्मार्थ संगठनों में योगदान के लिए 'सेवा' का इस्तेमाल नहीं किया जा सकता.

6\. हम व्यक्तिगत जानकारी कैसे और क्यों इकट्ठा करते हैं

1. गोपनीयता नीति. इस 'अनुबंध' से सहमत होने का मतलब है कि आपको [Remitly की गोपनीयता नीति](https://www.remitly.com/home/policy) स्वीकार है और आप इससे सहमत हैं.

2. ग्राहक पहचान कार्यक्रम. अमेरिकी कानून के अनुसार, आपके बारे में जानकारी इकट्ठा करना, उसका सत्यापन करना और उसे रिकॉर्ड करना हमारे लिए ज़रूरी है. आपके लिए अपनी गैर-सार्वजनिक, व्यक्तिगत, पहचान संबंधी जानकारी हमें उपलब्ध कराना ज़रूरी हो सकता है. हम आपको बताए बिना अन्य स्रोतों से भी कानूनी रूप से आपके बारे में जानकारी हासिल कर सकते हैं. इस जानकारी में गैर-व्यक्तिगत पहचान संबंधी जानकारी भी शामिल है, जिसे हम आपके द्वारा इस वेबसाइट पर आने के दौरान हासिल कर सकते हैं. कृपया हमारी [गोपनीयता नीति]

(https://www.remitly.com/home/policy) देखें.

3. सरकार से खुलासा. अपनी गोपनीयता नीति के मुताबिक, हम आपके और आपके लेन-देन के बारे में सरकारी अधिकारियों और कानून प्रवर्तन एजेंसियों को जानकारी दे सकते हैं.

4. जानकारी का सत्यापन. आपके द्वारा हमें दी गई जानकारी को सत्यापित करने के लिए, आपसे या दूसरों से ज़रूरी पूछताछ के लिए आप हमें अधिकृत करते हैं. इसमें आपसे अतिरिक्त जानकारी मांगना, आपसे अपने ईमेल पते या वित्तीय साधनों के स्वामित्व का सत्यापन करने के लिए कहना, तीसरे पक्ष के डेटाबेस में या अन्य स्रोतों के माध्यम से आपकी जानकारी का सत्यापन करना शामिल हो सकता है.

7\. त्रुटि का समाधान, रद्दीकरण और रिफ़ंड

1. त्रुटि का समाधान. 'सेवा' से जुड़ी कोई भी समस्या होने पर आप हमें किसी भी समय उसकी जानकारी दे सकते/सकती हैं.

आप इस 'अनुबंध' के नीचे दी गई संपर्क जानकारी का उपयोग करके हमसे संपर्क कर सकते/सकती हैं. **त्रुटि का समाधान** करने के बारे में अधिक जानकारी के लिए [यहां क्लिक करें](https://www.remitly.com/home/errors).

2. रिफ़ंड. आप अपने लेन-देन के पूरा होने से पहले, किसी भी समय उसे रद्द कर सकते/सकती हैं. पूरा होने का मतलब है कि आपके प्राप्तकर्ता ने आपके द्वारा भेजे गए पैसे को कैश पिक-अप, होम डिलीवरी या बैंक खाते के ज़रिए ले लिया है. रद्द करने का अनुरोध मिलने पर, हम रिफ़ंड की प्रक्रिया शुरू करने से पहले अपने 'सेवा प्रदाताओं' से पूछकर इस बात की पुष्टि कर सकते हैं कि लेन-देन पूरा हो गया है या नहीं.

लेन-देन पूरा होने के बाद राशि रिफ़ंड नहीं की जाएगी. **हालांकि, अगर आप किसी भी वजह से हमारी सेवा से संतुष्ट नहीं हैं, तो हम हमेशा की तरह फ़ीस की राशि रिफ़ंड कर देंगे.** रिफ़ंड की सारी राशि उसी 'भुगतान साधन' में क्रेडिट कर दी जाएगी, जिसका इस्तेमाल लेन-देन के भुगतान के लिए किया गया था. रिफ़ंड केवल अमेरिकी डॉलर में किया जाता है और उसमें लेन-देन सबमिट किए जाने के बाद से अमेरिकी डॉलर या विदेशी मुद्रा के मूल्य में आए बदलावों के हिसाब से फ़ेरबदल नहीं किया जाएगा. कृपया ध्यान दें कि कुछ खास अधिकार-क्षेत्रों के निवासियों के पास रिफ़ंड से जुड़े कुछ खास अधिकार और शिकायत प्रक्रियाएं हो सकती हैं. उनके बारे में यहां बताया गया है:

- **वॉशिंगटन.** वॉशिंगटन राज्य में रहने वाले 'प्रेषक' के तौर पर, आप रिफ़ंड के लिए लिखित अनुरोध मिलने के दस दिनों के अंदर लेन-देन के लिए मिली पूरी राशि का रिफ़ंड पाने के हकदार हैं, मगर इन परिस्थितियों में आपको रिफ़ंड नहीं मिलेगा:

- रिफ़ंड के लिए लिखित अनुरोध मिलने से पहले ही प्राप्तकर्ता को पैसे ट्रांसमिट और डिलीवर कर दिए गए हों;
- रिफ़ंड के लिए लिखित अनुरोध मिलने से पहले ही, ग्राहक द्वारा नामित व्यक्ति को, बराबर की राशि देने के निर्देश दे दिए गए हों;
- Remitly या उसके अधिकृत प्रतिनिधि को ऐसा सबूत मिला हो, जिससे यह साबित होता हो कि ग्राहक के अनुरोध के अनुसार पैसे ट्रांसफ़र करने या रिफ़ंड करने के परिणामस्वरूप कोई अपराध हुआ है, हो रहा है या संभावित रूप से हो सकता है; या
- Remitly को कानूनी तौर पर रिफ़ंड करने से अन्यथा प्रतिबंधित किया गया हो.

- **टेक्सस.** टेक्सस में रहने वाले 'प्रेषक' के तौर पर, आप रसीद मिलने के तीस मिनट के अंदर लेन-देन रद्द करने और Remitly को दी गई किसी भी फ़ीस सहित पैसे भेजने के लिए चार्ज किए सारे पैसे का फ़ौरन रिफ़ंड पाने के हकदार हैं, बशर्ते लेन-देन के उद्दिष्ट प्राप्तकर्ता को फ़ंड या इसका समकक्ष हासिल न हुआ हो.

- अगर आपको कोई शिकायत करनी है, तो सबसे पहले **1-888-736-4859** पर **Remitly, Inc** के उपभोक्ता सहायता विभाग से संपर्क करें. अगर आपको फिर भी कंपनी की पैसे ट्रांसफ़र करने या मुद्रा विनिमय से जुड़ी गतिविधियों को लेकर कोई ऐसी समस्या आ रही है जिसका समाधान नहीं हो सका है, तो कृपया अपनी शिकायत यहां भेजें: Texas Department of Banking, 2601 North Lamar Boulevard, Austin, Texas 78705, (877) 276-5554 (टोल फ़्री), www.dob.texas.gov.

3. शिकायतें. हम चाहते हैं कि अपने खाते या किसी खास लेन-देन के साथ-साथ हमारी सेवा के बारे में अपनी किसी भी समस्या या गड़बड़ी के बारे में आप सबसे पहले हमें बताएं. हालांकि, अगर आप चाहें, तो अपने राज्य में पैसे ट्रांसमिट करने का लाइसेंस देने वाली एजेंसी से भी संपर्क कर सकते/सकती हैं. [ऐसा करने के सबसे सही तरीकों की जानकारी यहां पाई जा सकती है](https://www.remitly.com/home/complaints).

केवल अलास्का के निवासियों के लिए:

अगर **1-888-736-4859**पर संपर्क करके**Remitly, Inc**से शिकायत करने के बावजूद, आपकी समस्या का समाधान नहीं हो सका है, तो कृपया अलास्का राज्य के बैंकिंग और सिक्योरिटीज़ डिवीज़न में अपनी औपचारिक शिकायत सबमिट करें.

कृपया फ़ॉर्म यहां से डाउनलोड करें: [https://www.commerce.alaska.gov/web/portals/3/

pub/DBSGeneralComplaintFormupdated.pdf](https://www.commerce.alaska.gov/web/portals/3/pub/DBSGeneralComplaintFormupdated.pdf)

सहायक दस्तावेज़ों के साथ औपचारिक शिकायत फ़ॉर्म सबमिट करें:

Division of Banking & Securities PO Box 110807 Juneau, AK 99811-0807

अगर आप अलास्का के निवासी हैं और आपको औपचारिक शिकायतों के बारे में कुछ पूछना है, तो कृपया हमें dbs.licensing@alaska.gov पर ईमेल करें या "नौ शून्य सात चार छह पांच दो पांच दो एक" पर कॉल करें

न्यूयॉर्क के निवासियों के लिए:

Remitly Inc. को न्यूयॉर्क स्टेट डिपार्टमेंट ऑफ़ फ़िनांशियल सर्विसेज़ से पैसे ट्रांसमिट करने का लाइसेंस मिला है. यही सरकारी एजेंसी Remitly Inc. को विनियमित भी करती है.

न्यूयॉर्क के ग्राहक अपनी अनसुलझी समस्याएं यहां भेज सकते हैं:

Consumer Assistance Unit

NYS Department of Financial Services

One Commerce Plaza

Albany, NY 12257

टेलीफ़ोन: 1-877-BANK-NYS (1-877-226-5697)

वेबसाइट: http://www.dfs.ny.gov/consumer/fileacomplaint.htm

8\. REMITLY की बौद्धिक संपदा

आप स्वीकार करते/करती हैं कि इस वेबसाइट की सामग्री, टेक्स्ट, ग्राफ़िक्स, लोगो, और इमेज के साथ-साथ Remitly के अन्य सभी कॉपीराइट, ट्रेडमार्क, लोगो और उत्पाद व सेवाओं के नाम सहित 'सेवा' का स्वामित्व सिर्फ़ और सिर्फ़ Remitly Inc. (**"Remitly की बौद्धिक संपदा"**) के पास है.

आप Remitly की बौद्धिक संपदा का किसी भी तरीके से प्रदर्शन नहीं करने, उपयोग नहीं करने, उसकी नकल नहीं बनाने या उसमें बदलाव नहीं करने के लिए सहमत हैं. आप सिर्फ़ अपने व्यक्तिगत, गैर-व्यावसायिक उपयोग के लिए इस वेबसाइट के पेज देखने और उनकी प्रति बनाने के लिए अधिकृत हैं. इसके अलावा, आप सहमति देते/देती हैं कि आप: (i) 'सेवा' को ऐक्सेस करने के लिए किसी रोबोट, स्पाइडर, स्क्रैपर या अन्य ऑटोमैटिक डिवाइस का उपयोग नहीं करेंगे/करेंगी; (ii) इस वेबसाइट (या इसके प्रिंट किए गए पेज) पर प्रदर्शित किसी भी ऑथर, ट्रेडमार्क या मालिकाना हक वाले अन्य नोटिस या लेजेंड को न तो हटाएंगे/हटाएंगी और न ही उनमें बदलाव करेंगे/करेंगी; या (iii) Remitly या किसी तीसरे पक्ष के कॉपीराइट, पेटेंट, ट्रेडमार्क, ट्रेड सीक्रेट या अन्य बौद्धिक संपदा के अधिकारों या प्रचार या गोपनीयता के अधिकारों का उल्लंघन नहीं करेंगे/करेंगी..

अगर आप हमें हमारी सेवाओं से संबंधित कोई सुझाव, फ़ीडबैक, समीक्षा या राय ("ग्राहक राय") देते/देती हैं, तो आपकी उस 'ग्राहक राय' में और उस 'ग्राहक राय' पर पूरा अधिकार, स्वामित्व और हित हमारा (और हमारी कॉर्पोरेट समूह इकाइयों का) होगा, भले ही आपने राय देते समय उसे गोपनीय के तौर पर मार्क किया हो. हम और हमारी कॉर्पोरेट समूह इकाइयां बिना किसी प्रतिबंध के 'ग्राहक राय' का उपयोग करने की हकदार होंगी, जिसमें मार्केटिंग या व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए उपयोग भी शामिल है. आप हमें 'ग्राहक राय' के सभी अधिकार, स्वामित्व और हित सौंपते/सौंपती हैं और 'ग्राहक राय' में हमारे अधिकारों को दस्तावेज़ीकृत करने, त्रुटिरहित बनाने, और बनाए रखने हेतु ज़रूरत पड़ने पर हमें कोई भी सहायता प्रदान करने के लिए सहमत हैं. इस उद्देश्य के लिए इस्तेमाल किया गया शब्द: "सौंपते/सौंपती हैं" एक कानून-सम्मत शब्द है. इसका अर्थ है कानूनी रूप से लाभ ट्रांसफ़र करना, जैसे कि आपके द्वारा कानूनी तौर पर हमें 'ग्राहक राय' का लाभ ट्रांसफ़र करना.

9\. वारंटी के बारे में खंडन

हम यह सुनिश्चित करने के समुचित प्रयास करते हैं कि 'लेन-देन' की प्रक्रिया समय से पूरी हो जाए, लेकिन हम प्रक्रिया पूरी होने में लगने वाले समय के संबंध में कोई व्यपदेशन या वारंटी नहीं देते, क्योंकि 'सेवा' कई ऐसे कारकों पर निर्भर होती है, जो हमारे नियंत्रण से बाहर होते हैं. कुछ अधिकार-क्षेत्रों में विवक्षित वारंटी की अनुमति नहीं होती, इसलिए पूर्वोक्त खंडन शायद आप पर लागू न हो. इस वारंटी से आपको कुछ खास कानूनी अधिकार मिलते हैं और आपके पास अलग-अलग राज्यों के हिसाब से अलग-अलग अन्य कानूनी अधिकार भी हो सकते हैं. किसी भी स्थिति

में, (जैसा कि इस दस्तावेज़ में साफ़ तौर पर बताया गया है) आप रिफ़ंड पाने के हकदार हो सकते हैं. संघीय कानून के अनुरूप, अगर 'भुगतान राशि' आपकी 'लेन-देन' रसीद पर दिखाई गई उपलब्धता तिथि तक 'प्राप्तकर्ता' को उपलब्ध नहीं होती, तो आप हमें समस्या के बारे में सूचित करने के लिए उपरोक्त धारा 7 में दी गई 'गड़बड़ी को हल करने की प्रक्रिया' का उपयोग कर सकते/सकती हैं और आप हमारी 'सेवा फ़ीस' के रिफ़ंड सहित संघीय कानून के तहत राहत पाने के हकदार हो सकते/सकती हैं.

10. हानि से सुरक्षा

इलेक्ट्रॉनिक फ़ंड ट्रांसफ़र ऐक्ट व उसके तहत आने वाले रेमिटेंस ट्रांसफ़र रूल, और 12 C.F.R. § 1005.30 *व उसके बाद वाले सेक्शन* में अन्यथा प्रदान किए गए दायरे को छोड़कर, आप Remitly, 'सेवा प्रदाताओं', और उनसे जुड़ी सहायक कंपनियों, अधिकारियों, एजेंटों, पार्टनरों, और कर्मचारियों की किसी भी दावे या मांग के संबंध में क्षतिपूर्ति करने और उन्हें ज़िम्मेदार नहीं ठहराने के लिए सहमत हैं. इन दावों या मांगों में वकीलों की फ़ीस शामिल हो सकती है या आपके द्वारा 'सेवा' के उपयोग, 'सेवा' से आपके संबंध, आपके द्वारा 'अनुबंध' के उल्लंघन, या आपके द्वारा किसी अन्य के अधिकारों के उल्लंघन के कारण या इनके परिणामस्वरूप किसी भी तीसरे पक्ष द्वारा किए गए दावे या मांग शामिल हो सकते हैं.

11. दायित्व की सीमा

लागू होने वाले कानून के तहत जिस हद तक इजाज़त दी गई है, उस दायरे का पालन करते हुए REMITLY, 'सेवा प्रदाता', या उनकी संबंधित सहायक कंपनियां, अधिकारी, एजेंट, पार्टनर, या कर्मचारी, किसी भी स्थिति में, प्रत्यक्ष रूप से होने वाले, अप्रत्यक्ष रूप से होने वाले, आकस्मिक रूप से होने वाले, विशेष रूप से होने वाले, परिणामतः होने वाले, या $500.00 से ज़्यादा ('लेन-देन राशि' और सेवा फ़ीस रिफ़ंड करने के अलावा) के नुकसान के लिए उत्तरदायी नहीं होंगे. इन नुकसानों में ये भी शामिल हैं, मगर नुकसानों का दायरा इन्हीं तक सीमित नहीं हैं: Remitly, भुगतान पार्टनरों, या उनकी संबंधित सहायक कंपनियों, अधिकारियों, एजेंटों, पार्टनरों, या कर्मचारियों की ओर से लापरवाही के परिणामस्वरूप होने वाली मुनाफ़े, साख, उपयोग, डेटा की क्षति या अन्य अमूर्त क्षतियां (भले ही Remitly को ऐसी क्षतियों की संभावना के बारे में सूचित किया गया हो). ताकि कोई संदेह न रहे, कृपया ध्यान दें कि 15 U.S.C. § 1693m(a) के तहत आप अन्यथा जिन मौद्रिक क्षतिपूर्तियों के हकदार हैं, उन्हें पिछले दो वाक्यों में दी गई कोई भी चीज़ सीमित नहीं करती है.

12. विवाद समाधान और शासकीय कानून

1. शासकीय कानून. इस 'अनुबंध' पर वॉशिंगटन राज्य के कानून लागू होंगे और 'सेवा' के संबंध में की गई सभी गतिविधियां वॉशिंगटन में पूरी की गई मानी जाएंगी. 'सेवा' या 'अनुबंध' के परिणामस्वरूप या इसके संबंध में

होने वाले किसी भी सार्वजनिक विवाद, मतभेद या दावे ("दावा") को फ़ेडरल आर्बिट्रेशन ऐक्ट, 9 U.S.C. § 1 *व उसके बाद वाले सेक्शन* और वॉशिंगटन के कानूनों (कानूनों के टकराव को विनियमित करने वाले निकाय को छोड़कर) के अनुसार विनियमित किया जाएगा और उनका अर्थ निकाला जाएगा.

2. Remitly के साथ विवाद. अगर आपके और Remitly के बीच कोई विवाद होता है, तो हमारा लक्ष्य आपकी समस्याओं के बारे में जानना और उनका समाधान करना है. आपकी समस्याओं का समाधान करने में अगर हम आपको संतुष्ट नहीं कर पाते हैं, तो हम विवाद को जल्द से जल्द से हल करने के लिए, आपको तटस्थ और लागत-प्रभावी साधन प्रदान करने का प्रयास करेंगे. 'सेवा' के संबंध में आपके और Remitly के बीच होने वाले विवाद की सूचना 'ग्राहक सेवा' को ऑनलाइन दी सकती है; 1-888-736-4859 (संयुक्त राज्य अमेरिका के बाहर, 1 (206) 535-6152 पर कॉल करें) पर टेलीफ़ोन से दी जा सकती है; या Remitly, Inc., attn: Customer Service, 1111 3rd Ave, Suite 2100, Seattle WA 98101, USA. पर डाक द्वारा दी जा सकती है.

3. मध्यस्थता. आप और Remitly इस बात पर सहमत हैं कि किसी भी 'दावे' का निपटारा बाध्यकारी मध्यस्थता द्वारा किया जाएगा, सिवाय इसके कि हर पक्ष छोटे दावों वाली अदालत में व्यक्तिगत कार्रवाई करने का अधिकार रखता है. अगर कोई पक्ष मध्यस्थता कराना चाहता है, तो उस पक्ष को यह मध्यस्थता सभी पक्षों द्वारा पारस्परिक सहमति से तय किए गए किसी स्थापित अल्टरनेटिव डिस्प्यूट रेज़्यॉलूशन (ADR) प्रोवाइडर के माध्यम से शुरू करनी होगी. ADR प्रोवाइडर और पार्टियों को निम्नलिखित नियमों का पालन करना होगा: (क) मध्यस्थता टेलीफ़ोन द्वारा, ऑनलाइन और/या पूरी तरह से लिखित रूप में पेश किए गए दस्तावेज़ों पर आधारित होगी और विशिष्ट तरीके को मध्यस्थता शुरू करने वाले पक्ष द्वारा चुना जाएगा; (ख) मध्यस्थता में पक्षों या गवाहों की कोई व्यक्तिगत उपस्थिति शामिल नहीं होगी, जब तक कि पक्षों द्वारा पारस्परिक सहमति से अन्यथा कोई फ़ैसला न लिया गया हो; (ग) मध्यस्थ एक से अधिक व्यक्तियों के दावों को समेकित नहीं कर सकता, और अन्यथा किसी भी तरह की किसी भी वर्गीय या प्रातिनिधिक कार्यवाही की अध्यक्षता नहीं कर सकता; और (घ) मध्यस्थ के अधिनिर्णय को सक्षम अधिकार-क्षेत्र वाले किसी भी न्यायालय के द्वारा फ़ैसले में तब्दील किया जा सकता है. **आप स्वीकार करते/करती हैं और सहमत हैं कि आप और Remitly, दोनों ही जूरी के द्वारा मुकदमें का अधिकार छोड़ रहे/रही हैं या किसी कथित वर्गीय या प्रातिनिधिक कार्यवाही में वादी या वर्ग सदस्य के रूप में भाग लेने का अधिकार छोड़ रहे/रही हैं**.

4. लागत और फ़ीस. अगर आप दावे के तहत $75,000 से अधिक के हर्जाने की मांग नहीं करते/करती हैं, तो Remitly द्वारा मध्यस्थता से जुड़ी फ़ीस का भुगतान किया जाएगा, बशर्ते मध्यस्थ को यह न पता चले कि आपके 'दावे' का आधार या मांगी गई राहत अगंभीर है या उसका उद्देश्य अनुचित है. अगर आप मध्यस्थता में सफल होते/होती हैं, तो आप लागू कानून के तहत प्रदान की गई सीमा तक वकीलों की फ़ीस और खर्च का हर्जाना पाने के हकदार होंगे/होंगी. Remitly मध्यस्थता में अपने पक्ष में निर्णय आने पर उस स्थिति में लागू कानून के तहत वकील की फ़ीस और खर्च की वसूली नहीं करेगा और उनकी प्राप्ति के लिए खुद को हासिल सभी अधिकार छोड़ देगा, बशर्ते मध्यस्थ को यह न पता चले कि आपके 'दावे' का आधार या मांगी गई राहत अगंभीर है या उसका उद्देश्य अनुचित है.

5. विवाद के निपटारे से जुड़ा फ़ोरम. सिवाय तब जब पक्षों द्वारा सहमति से अन्यथा तय किया गया हो

या जैसा कि उक्त धारा 12(c) में दिया गया हो, आप सहमति देते/देती हैं कि Remitly के विरुद्ध आपके किसी भी दावे या विवाद का निपटारा किंग काउंटी में स्थित किसी अदालत द्वारा किया जाएगा. आप ऐसे सभी दावों या मतभेदों पर मुकदमा चलाने के उद्देश्य से वॉशिंगटन का किंग काउंटी के भीतर स्थित अदालतों के व्यक्तिगत अधिकार-क्षेत्र को सबमिट करने के लिए सहमत हैं.

6. अनुचित तरीके से दायर किया गया मुकदमा. Remitly के खिलाफ़ आपके द्वारा लाए गए सभी दावों का समाधान इस 'अनुबंध' की धारा 12 के अनुसार किया जाना चाहिए. धारा 12 के विपरीत दायर किए गए या प्रस्तुत किए गए सभी दावों को अनुचित तरीके से दायर किया गया और इस 'अनुबंध' का उल्लंघन माना जाएगा.

अगर आप धारा 12 के विपरीत दावा दायर करते/करती हैं, तो Remitly $1,000.00 डॉलर तक की रकम के बराबर वकीलों की फ़ीस और लागत (कंपनी के वकीलों और पैरालीगल की फ़ीस और लागत सहित) की वसूली कर सकता है, बशर्ते Remitly ने आपको अनुचित तरीके से दायर किए गए दावे के बारे में लिखित रूप से सूचित किया हो और आप तुरंत दावा वापस लेने में विफल रहे/रही हों.

13. ई-हस्ताक्षर के बारे में खंडन और सहमति से जुड़ा नोटिस

जैसा कि नीचे बताया गया है, इस 'उपयोगकर्ता अनुबंध' को स्वीकार करके आप निम्नलिखित में से किसी भी माध्यम से Remitly की ओर से इलेक्ट्रॉनिक रूप से अपने खाते से संबंधित खंडन, नोटिस, बयान, और अन्य सूचनाएं (सामूहिक रूप से, "सूचनाएं") पाने और देखने की सहमति देते/देती हैं:

- आपके खाते से जुड़े आपके मोबाइल नंबर पर टेक्स्ट भेजना (जिसमें हमारी वेबसाइट पर या हमारी 'सेवा' में 'सूचनाओं' का लिंक शामिल हो सकता है);
- आपके खाते से जुड़े हुए आपके ईमेल पते पर; या
- हमारे वेब या मोबाइल ऐप्लिकेशन से नोटिफ़िकेशन.

इनमें से किसी भी माध्यम से होने वाली डिलीवरी, लागू कानून के तहत आपके लिए उचित नोटिस मानी जाएगी. आप स्वीकार करते/करती हैं कि 'सूचनाओं' में निम्नलिखित चीज़ें शामिल हो सकती हैं, मगर 'सूचनाएं' इन चीज़ों तक ही सीमित नहीं होंगी:

- हमारी वेबसाइट, 'गोपनीयता नीति', या 'उपयोगकर्ता अनुबंध' ("कानूनी नीतियां और अनुबंध");
- अपनी 'कानूनी नीतियों और अनुबंधों' के तहत, हमारे द्वारा आपको दिए जाने वाले खंडन और/या

संशोधन;

- आपके द्वारा हमारी 'सेवा' और खाते के उपयोग के संदर्भ में गतिविधि और कोई अन्य जानकारी;
- आपके खाते के लिए रसीदें, पुष्टि, स्टेटस अपडेट, प्राधिकरण और लेन-देन का इतिहास
- दावे में पेश की गई किसी भी त्रुटि के समाधान के संबंध में 'सूचनाएं'; और
- कानून या विनियमन के मुताबिक ज़रूरी 'सूचनाएं' या उनकी अनुमति के मुताबिक 'सूचनाएं'.

सहमति रद्द करने का आपका अधिकार. चूंकि हम इलेक्ट्रॉनिक रूप से सूचनाएं भेजते हैं, इसलिए आपको Remitly खाता बनाने और हमारी 'सेवा' का इस्तेमाल करने हेतु, इलेक्ट्रॉनिक रूप से 'सूचनाएं' पाने के लिए अपनी सहमति देनी होगी. आप हमारी वेबसाइट के 'हमसे संपर्क करें' पेज पर जाकर, हमारी 'ग्राहक सेवा' से संपर्क करके सभी 'सूचनाएं' इलेक्ट्रॉनिक रूप से पाने के लिए दी गई अपनी सहमति वापस ले सकते/सकती हैं. अगर आप इलेक्ट्रॉनिक रूप से 'सूचनाएं' पाने के लिए सहमति नहीं देते/देती हैं या अगर आप अपनी सहमति वापस ले लेते/लेती हैं, तो हम आपका खाता बनाने से इंकार कर देंगे या हम आपको 'सेवा' प्रदान करने पर रोक लगा देंगे, उसे निलंबित कर देंगे या अस्वीकार कर देंगे, जब तक कि आपको लागू कानून के तहत गैर-इलेक्ट्रॉनिक 'सूचनाएं' पाने का अधिकार न हो.

हार्डवेयर और सॉफ़्टवेयर की ज़रूरतें: 'सूचनाएं' पाने के लिए, चाहे टेक्स्ट के ज़रिए हो या ईमेल के ज़रिए, आपके पास उन्हें प्रिंट करने या स्टोर करने की सुविधा होनी चाहिए. इसलिए, ईमेल पते और फ़ोन नंबर के अलावा आपके पास ये चीज़ें भी होनी चाहिए:

- इंटरनेट कनेक्शन वाला कंप्यूटर या मोबाइल डिवाइस;
- मौजूदा वेब ब्राउज़र जिसमें कुकीज़ चालू हों;
- आपके खाते के रिकॉर्ड में एक वैध ईमेल पता;
- 'सूचनाएं' स्टोर या प्रिंट करने की क्षमता; और
- अगर आप स्पैम ब्लॉकर का उपयोग करते/करती हैं, तो आपको अपने ईमेल ऐड्रेस बुक या व्हाइटलिस्ट (एक साथ, "सिस्टम की ज़रूरतें") में service@remitly.com और service@info.remitly.com को जोड़ लेना चाहिए.

- हम इन 'सिस्टम की ज़रूरतों' को बदलने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं और इनमें कोई महत्वपूर्ण बदलाव करने पर हम आपको सूचित करेंगे.

टेक्स्ट और ईमेल पाना. 'सूचनाएं' पाने के लिए, आपको यह सुनिश्चित करना होगा कि जो प्राथमिक मोबाइल नंबर और/या ईमेल पता आप हमें देते/देती हैं वह वैध, वर्तमान फ़ोन नंबर या ईमेल पता हो और आप उस पते पर संलग्न इलेक्ट्रॉनिक दस्तावेज़ सहित 'सूचनाओं' वाले टेक्स्ट या ईमेल मैसेज पाने में सक्षम हों, और संलग्न दस्तावेज़ों वाले हिस्सों सहित ऐसी 'सूचनाएं' आपके द्वारा देखे जाने और स्टोर या प्रिंट किए जाने के लिए उपलब्ध हों. आप सहमत हैं कि अगर आपका ईमेल पता बदलता है, तो आप तुरंत अपना खाता अपडेट करके नया ईमेल पता डाल देंगे/देंगी. आप स्वीकार करते/करती हैं कि आपकी 'सूचनाओं' की उपलब्धता के बारे में आपको सूचित करने की हमारी क्षमता, हमारे रेकॉर्ड में दर्ज आपके मोबाइल नंबर और ईमेल पते की वैधता पर निर्भर है. आप समझते/समझती हैं और सहमत हैं कि हमारे द्वारा आपको 'सूचनाएं' भेजने पर अगर आप 'सूचनाएं' पाने में इसलिए असमर्थ हैं, क्योंकि आपने गलत संपर्क जानकारी दी थी या आपने संपर्क जानकारी को ब्लॉक कर दिया था या 'सूचना' अन्यथा आपके लिए अनुपलब्ध है, तो हम मानकर चलेंगे कि आपको 'सूचना' मिल गई है. हालांकि, अगर आपका मोबाइल फ़ोन या ईमेल पता अब वैध नहीं है, तो हम इस 'अनुबंध' के मुताबिक यह निर्धारित करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं कि आपका खाता निष्क्रिय है या इसके मुताबिक कोई और कार्रवाई करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं. जब तक आप अपने खाते में अपना मोबाइल फ़ोन या ईमेल पता अपडेट नहीं कर लेते/लेतीं, तब तक आप अपने खाते से कोई भी लेन-देन नहीं कर पाएंगे/पाएंगी.

अधिकारों का आरक्षण. 'सेवा' के तहत पेपर फ़ॉर्मेट में या अन्य गैर-इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से 'सूचनाएं' उपलब्ध कराने की इजाज़त नहीं है. हालांकि, हम आपको इलेक्ट्रॉनिक के बजाय लिखित रूप में कोई भी 'सूचना' भेजने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं. आप अपने मौजूदा पते को हमारे पास रिकॉर्ड में रखने के लिए व इसके बदल जाने की सूरत में अपना खाता अपडेट करके पते को अपडेट करने के लिए सहमत हैं. हालांकि हम आपके लिए पेपर के ज़रिए 'सूचनाएं' भेजने की फ़ीस माफ़ कर सकते हैं, लेकिन 'सूचना' के अनुरोध की फ़ीस लेने और अपने विवेक पर इस फ़ीस को बढ़ाने का अधिकार हमारे पास सुरक्षित है.

खंडनों को प्रिंट करें. हमारा सुझाव है कि अपने रिकॉर्ड के लिए आप इस 'अनुबंध' की और आपको इलेक्ट्रॉनिक रूप से दिखने वाली किसी भी 'सूचना' की एक कॉपी प्रिंट कर लें, क्योंकि हो सकता है कि 'सूचना' को बाद में ऑनलाइन तौर पर ऐक्सेस न किया जा सके.

आपकी सहमति. हमारी साइन अप प्रक्रिया (जिसे आप अपने इलेक्ट्रॉनिक सिग्नेचर के रूप में अपनाते/अपनाती हैं) में "आगे जाएं", "पैसे भेजें", "साइन अप करें" या "अभी जुड़ें" बटन पर क्लिक करने का मतलब है कि आप इन बातों से सहमत हैं: (i) हम इस 'अनुबंध' में निर्धारित नियमों और शर्तों पर आपको इलेक्ट्रॉनिक रूप से 'सूचनाएं' भेज सकते हैं, (ii) आपके द्वारा आधिकारिक रूप से रद्द कर दिए जाने तक यह सहमति बनी रहेगी, और (iii) आप ऊपर दी गई 'सिस्टम की ज़रूरतें' पूरी करते/करती हैं. अगर आपको इलेक्ट्रॉनिक रूप से 'सूचनाएं' नहीं पानी हैं, तो आप हमारी 'सेवा' का उपयोग करने के लिए खाता नहीं खोल पाएंगे/पाएंगी.

सामान्य. आप समझते/समझती हैं और सहमत हैं कि हम आपके 'खाते' की प्रोफ़ाइल में मौजूद पते पर या 'सेवा' के माध्यम से ईमेल या टेक्ष्ट द्वारा इलेक्ट्रॉनिक रूप से 'सूचनाएं' भेजने के लिए ज़िम्मेदार हैं. इलेक्ट्रॉनिक रूप से 'सूचनाएं' पाने के लिए दी गई सहमति को आधिकारिक रूप से रद्द करने के आपके अधिकार के आधार पर, चाहे आपको ईमेल या टेक्ष्ट नोटिस मिलने में देरी हो या वे आपको न मिलें और चाहे आप 'सूचना' देखें या न देखें, हम इन चीज़ों के लिए ज़िम्मेदार नहीं होंगे.

14. विविध

1. PCI-DSS का अनुपालन. Remitly जिस हद तक आपके 'भुगतान साधन' से जुड़े डेटा या PCI के बाध्यकारी अनुबंध के तहत आने वाले अन्य डेटा को अपने अधिकार में रखता है या अन्यथा स्टोर, प्रॉसेस, या ट्रांसमिट करता है, उस हद तक हम पेमेंट कार्ड इंडस्ट्री ("PCI") का अनुपालन करते हैं और करेंगे.

2. तीसरे पक्ष की वेबसाइटों के लिंक और उन पर मौजूद सामग्री. हमारी वेबसाइट पर तीसरे पक्ष की वेबसाइटों या तीसरे पक्ष की सामग्री के लिए दिए गए सभी बाहरी लिंक आपकी सुविधा के लिए हैं और इसका मतलब यह नहीं है कि Remitly तीसरे पक्ष की वेबसाइट या सामग्री का अनुमोदन करता है. ये साइटें किसी भी तरह से हमारे द्वारा नियंत्रित नहीं हैं और हम इन साइटों के सटीक होने, पूर्ण होने, कानूनी रूप से वैध होने, या उन पर प्रदान की गई किसी भी सामग्री सहित किसी भी अन्य पहलू के लिए ज़िम्मेदार नहीं हैं. आप इस प्रकार की वेबसाइटों का इस्तेमाल अपने खुद के जोखिम पर करते/करती हैं.

3. संपूर्ण अनुबंध. यह 'अनुबंध' आपके और Remitly के बीच संपूर्ण अनुबंध माना जाएगा. साथ ही, यह आपके द्वारा 'सेवा' के इस्तेमाल को विनियमित करेगा और आपके और Remitly के बीच इससे पहले हुए किसी भी अनुबंध की जगह यही 'अनुबंध' लागू होगा.

4. कोई अधित्याग नहीं. अगर Remitly इस 'अनुबंध' के किसी अधिकार या प्रावधान का प्रयोग करने या उसे लागू करने में विफल रहता है, तो इसका मतलब यह नहीं है कि उस अधिकार या प्रावधान को माफ़ किया जा रहा है. अगर 'अनुबंध' का कोई भी प्रावधान किसी मध्यस्थ या किसी सक्षम अधिकार-क्षेत्र वाली अदालत द्वारा अमान्य पाया जाता है, तब भी सभी पक्ष इस बात से सहमत होंगे कि मध्यस्थ या अदालत के द्वारा 'अनुबंध' के अभिप्राय को (जैसा कि प्रावधान में ज़ाहिर किया गया हो) उचित रूप से वैध प्रभाव देने का प्रयास करना चाहिए, और अनुबंध के अन्य प्रावधान पूरी तरह से लागू होंगे और प्रभावी रहेंगे.

5. अप्रत्याशित परिस्थितियां. हम 'सेवा' की परफ़ॉर्मेंस में किसी तरह की कमी या देरी के लिए तब तक ज़िम्मेदार नहीं होंगे, जब तक कि ऐसी कमी या देरी हमारे उपयुक्त नियंत्रण से बाहर की परिस्थितियों की वजह से हो रही हो. इन वजहों में ये भी शामिल हैं, मगर वजहें इन्हीं तक सीमित नहीं हैं: लागू होने वाले कानूनों में बदलाव; ज़रूरी भौतिक अवसंरचना का और नेटवर्क के बुनियादी ढांचे का बंद या अनुपलब्ध होना; किसी देश की सरकार द्वारा अपने ऋण दायित्वों का भुगतान करने में विफल हो जाना; बिजली या इंटरनेट का उपलब्ध न होना; नागरिक अशांति; युद्ध;

और भूकंप, आग, बाढ़, या अन्य प्राकृतिक आपदाएं.

6. बदलाव. हम इस 'अनुबंध' में समय-समय पर बिना आपको सूचित किए बदलाव कर सकते हैं, सिवाय उन परिस्थितियों के जब कानून के मुताबिक सूचित किया जाना ज़रूरी हो. आप इस वेबसाइट पर जाकर किसी भी समय 'अनुबंध' के सबसे नए वर्शन को देख सकते/सकती हैं. किसी भी बदलाव या संशोधन से सहमत नहीं होने पर, आप 'सेवा' का उपयोग करना बंद कर सकते/सकती हैं. अगर आप 'सेवा' का उपयोग किसी बदलाव या संशोधन की प्रभावी तिथि के बाद करते हैं, तो यह माना जाएगा कि आपने उस बदलाव या संशोधन को स्वीकार कर लिया है. आप सहमत हैं कि आप इस 'अनुबंध' में बदलाव नहीं करेंगे/करेंगी. साथ ही, आप यह भी स्वीकार करते/करती हैं कि इस 'अनुबंध' में बदलाव करने का आपका कोई भी प्रयास अप्रभावी होगा.

7. अन्य शर्तें इस 'अनुबंध' को हमारे अन्य ऑफ़र व हमारे 'रेफ़रल' प्रोग्राम पर लागू होने वाली शर्तों और आपके द्वारा 'सेवा' के इस्तेमाल के आधार पर आपके ऊपर लागू होने वाली अन्य शर्तों के द्वारा अनुपूरित किया जा सकता है. इस 'अनुबंध' में इन शर्तों को संदर्भ के माध्यम से शामिल किया गया है. इनमें से किसी भी शर्त के बारे में जिस हद तक यह तय किया जाएगा कि उसका इस 'अनुबंध' के साथ टकराव है, उस हद तक यह 'अनुबंध' ही प्रभावी होगा.

15. सुरक्षा

आपकी सुरक्षा Remitly के लिए बहुत महत्वपूर्ण है और हम विभिन्न किस्म के सुरक्षा उपायों का उपयोग करते हैं, ताकि यह पक्का हो सके कि आपकी जानकारी सुरक्षित है. हमारा आग्रह है कि किसी ऐसे व्यक्ति को पैसे भेजने से पहले अच्छी तरह सोच-विचार कर लें जिसे आप ठीक से नहीं जानते. खास तौर पर, आपको उन डील या ऑफ़र से सावधान रहना चाहिए जिनमें किए गए दावों पर भरोसा करना मुश्किल हो. अगर आपको लगता है कि आपके साथ धोखाधड़ी हुई है या हो सकती है, तो कृपया फ़ौरन हमसे फ़ोन के ज़रिए 1-888-736-4859 पर संपर्क करें (संयुक्त राज्य अमेरिका के बाहर, (206) 535-6152 पर कॉल करें).

अगर आप किसी ऐसे व्यक्ति या इकाई के बारे में जानते/जानती हैं जिनके द्वारा 'सेवा' का अनुचित उपयोग किया जा रहा है, तो कृपया हमें abuse@remitly.com पर ईमेल करें. अगर आपको कोई फ़र्ज़ी (फ़िशिंग) ईमेल मिलता है, जो Remitly की तरफ़ से भेजे जाने का दावा करता है, तो कृपया उस ईमेल को हमें abuse@remitly.com पर फ़ॉरवर्ड कर दें.

16. भाषा

यह 'अनुबंध' अंग्रेज़ी भाषा में तैयार किया गया है और अन्य भाषाओं में अनुवाद उपलब्ध कराया जा सकता है. आप सहमत हैं कि इस 'अनुबंध' के संबंध में होने वाले किसी विवाद के दौरान अगर अंग्रेज़ी और अनूदित संस्करणों के बीच

कोई फ़र्क पाया जाता है, तो 'अनुबंध' के अंग्रेज़ी संस्करण को ही मान्य माना जाएगा.

17. संपर्क जानकारी

Remitly के पास सवाल, सूचनाओं, और रिफ़ंड के अनुरोधों, या ज़्यादा जानकारी को इस तरह भेजा जा सकता है: [ऑनलाइन](https://www.remitly.com/home/contact); 1-888-736-4859 पर टेलीफ़ोन द्वारा (संयुक्त राज्य अमेरिका के बाहर, (206) 535-6152 पर कॉल करें); या डाक के द्वारा Remitly Inc., attn: Customer Service, 1111 3rd Ave, Suite 2100, Seattle, WA 98101, USA पर.